उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2025

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 23.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 23.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।












उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 23.07.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।






## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध बन्दूक व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 23.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर, श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला, उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी व का0 सौरभ सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखिबर की सूचना पर ग्राम कर्रा गौशाला के सामने सड़क पर बनी पुलिया बहद ग्राम कर्रा थाना अजनर जनपद महोबा से एक नफर अभियुक्त छत्रपाल राजपूत पुत्र स्व0 सरजूलाल राजपूत उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम कर्रा थाना अजनर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 अदद देशी बन्दूक 12 बोर एक नाली नाजायज मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना अजनर में मु.अ.सं. 161/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 ऋषी शुक्ला थाना
2. उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी 3. का0 सौरभ सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

छत्रपाल राजपूत पुत्र स्व0 सरजूलाल राजपूत उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम कर्रा थाना अजनर जनपद महोबा ।

### बरामदगी-

एक अदद देशी बन्दूक 12 बोर एकनाली नाजायज मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद होना ।



## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने अवैध बन्दूक व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 23.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री गुलाब त्रिपाठी द्वारा गठित की गयी उ0नि0 रामकिशन यादव मय हमराह कां0 रवि कुमार, कां0 विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त उमेश राजपूत पुत्र फूल सिह राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला जनपद महोबा को जमाला तिराहा पर बहद ग्राम जमाला के पास से हिरासत में लिया इस दौरान अभियुक्त उमेश राजपूत उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ जिसके सम्वन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 151/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करके माननीय न्यायालय महोबा भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. उ0नि0 रामकिशनय यादव पनवाड़ी जनपद महोबा
2. का0 रवि कुमार थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3. का0 विनोद कुमार थाना पनवाडी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

उमेश राजपूत पुत्र फूल सिह राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला जनपद महोबा

**बरामदगी-** 01 अदद तमंचा 315 बोर व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 23.07.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने 556 ग्राम अवैध सूखे गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री गुलाब त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्तियों / वांछित व वारन्टियों की तलाश के दौरान 01 नफर अभियुक्त कोमल सिह पुत्र वीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला जनपद महोबा को थानाक्षेत्र पनवाड़ी अन्तर्गत भरवारा नहर पुल के बायी पटरी बहद ग्राम भरवारा के पास से हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 556 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी में मु.अ.सं. 152/2025 धारा 8/20 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. निरीक्षक श्री गुलाब त्रिपाठी SHO थाना पनवाड़ी
2. व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा
3. का0 मिथुन कुमार 4. का0 देवेन्द्र राजपूत

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

कोमल सिह पुत्र वीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला जनपद महोबा

**बरामदगी माल -** 556 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद हुआ।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा ने जेटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ किया सैनिक सम्मेलन, समस्याएं सुनीं और दिए प्रभावी प्रशिक्षण के निर्देश...।

आज दिनांक 23 .07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा में जेटीसी प्रशिक्षण (आधारभूत प्रशिक्षण) प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों/पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने सभी रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक ने सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रभावी पुलिसिंग, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण भाव तथा सैन्य जीवन के मूल्यों के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया पॉलिसी से अवगत कराते हुए इसकी महत्वपूर्ण सावधानियों व दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर जेटीसी प्रशिक्षण हेतु नियुक्त आईटी एवं पीटीआई स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षणार्थियों को अंतः एवं बाह्य पाठ्यक्रम के अनुरूप श्रेष्ठ प्रशिक्षण प्रदान करें, साथ ही उनके रहन-सहन, भोजन-पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित ध्यान रखा जाए। सैनिक सम्मेलन के माध्यम से रिक्रूट आरक्षियों को सशक्त, सजग एवं संवेदनशील पुलिसकर्मी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षण/लाइन श्री दीपक दुबे, आर.आई. श्री शिवकुमार, पीआरओ श्री विषय देव बुन्देला, जेटीसी प्रभारी श्री तेज सिंह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कुलपहाड़ सर्किल के थानों पर नियुक्त विवेचकों का विवेचना निस्तारण के सम्बन्ध में अर्दली रूम का आयोजन एवं पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का लिया गया जायजा।

आज दिनांक 23.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ की उपस्थिति में सर्किल कुलपहाड़ के अंतर्गत आने वाले समस्त थानों के विवेचकों के साथ अर्दली रूम का आयोजन थाना कुलपहाड़ परिसर में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि विवेचना की गुणवत्ता पुलिस की कार्यप्रणाली का मूल आधार है। अतः सभी विवेचक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मामले की जांच तथ्यों के आधार पर, विधिक प्रक्रिया के अनुसार की जाए एवं पीड़ित पक्ष को समय से न्याय मिल सके।

अर्दली रुम के दौरान महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, संवेदनशील मामलों में शीघ्र कार्यवाही, बच्चों एवं कमजोर वर्ग के साथ होने वाले अपराधों पर कड़ी निगरानी बनाए रखने हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत “मिशन शक्ति” अभियान की निरंतर समीक्षा करते हुए फील्ड में अधिक सक्रियता बरतने को कहा गया।

इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए मुख्य बाजार, संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण किया गया। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया तथा जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।

सावन माह में कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कांवड़ मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सहायता केंद्र, जल वितरण बिंदु एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यह निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुगम रूप से सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

पुलिस अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त, ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा तथा किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधियों पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह ने कहा कि “जनता की सुरक्षा, सम्मान एवं विश्वास बनाये रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस बल को संवेदनशील, सतर्क एवं उत्तरदायी बनकर कार्य करना होगा, जिससे आम जनमानस को सुरक्षा का वास्तविक अनुभव हो।”

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह सहित संबंधित थानों के थाना प्रभारी, उपनिरीक्षकगण एवं अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

